12 फरवरी 2026
गुरुवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



राजस्थान माइंस हादसा : पांचवें दिन खाई के पास मिला लापता रामानंद का जूता, अब भी उम्मीद में परिजन

3



## एक नजर

### कनाडा के स्कूल में चलीं ताबड़तोड़ गोलियां, हमलावर समेत 10 की मौत

**टंबलर।** कनाडा के टंबलर रिज स्कूल में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 24 लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के स्टाफ सर्जेंट क्रिस क्लार्क ने द कैनेडियन प्रेस को टेक्स्ट मैसेज में घटना की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार टंबलर रिज सेकेंडरी स्कूल में हुई गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक संदिग्ध भी शामिल है। ब्रिटिश कोलंबिया के टंबलर रिज स्थित एक स्कूल में हुई गोलीबारी के बाद स्कूल के अंदर छह लोग के शव मिले है वहीं एक अन्य व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शूटर भी ढेर हो गया है, उसकी मौत खुद को पहुंचाई गई चोट के कारण हुई। वहीं घटना में घायल सभी लोगों को प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल भेज दिया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस बीच पुलिस ने कहा है कि गोलीबारी के कारणों की जांच अभी चल रही है। संदिग्ध के बारे में फिलहाल कोई अतिरिक्त जानकारी जारी नहीं की गई है।

### राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लाने जा रही है, क्योंकि उन्होंने सदन को गुमराह करने और निराधार बयान देने का काम किया है। किरेन रिजिजू ने स्पष्ट किया कि लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही संचालन और आचरण से जुड़े स्पष्ट नियम निर्धारित हैं। यदि कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य पर गंभीर आरोप लगाना चाहता है, तो उसे पहले विधिवत नोटिस देना होता है और ठोस प्रस्ताव लाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना और प्रमाण के इस तरह के आरोप लगाना संसदीय परंपराओं के खिलाफ है।

# राष्ट्रगान से पहले गाया जाए वंदे मातरम, सरकार ने जारी किए नए नियम

- प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगान से पहले गाना अनिवार्य होगा
- अब नेशनल सॉन्ग वंदे मातरम के पूरे छह छंद गाए या बजाए जाएंगे



नई दिल्ली। भारत में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर नई ऑफिशियल गाइडलाइंस जारी की हैं इसमें बताया गया है कि इसे पब्लिक और सरकारी कार्यक्रमों में कैसे और कब गाया जाना चाहिऐ वहीं, अब नेशनल सॉन्ग वंदे मातरम के पूरे छह छंद गाए या बजाए जाएंगे नए प्रोटोकॉल के मुताबिक, जब वंदे मातरम और राष्ट्रीय गान (जन गण मन) दोनों साथ में बजाए या गाए जाते हैं, तो वंदे मातरम पहले होगागृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत ह्यवंदे मातरम्ह को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी नियमों के अनुसार अब राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रगान जन-गण-मन से पहले गाया या बजाया जाएगा। साथ ही इसे प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है। नए नियमों में कहा गया है कि जहां किसी कार्यक्रम में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान दोनों गाए जाएंगे, वहां पहले ह्यवंदे मातरम्ह और उसके बाद ह्यजन-गण-मनह्ण होगा। राष्ट्रीय गीत के सभी 6 अंतरे गाना या बजाना अनिवार्य होगा, जिसकी निर्धारित अवधि 3 मिनट 10 सेकंड होगी। वर्तमान में राष्ट्रगान की अवधि 52 सेकंड है। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत ह्यवंदे मातरम्ह को लेकर नए नियम जारी किए हैं। अब इसे प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगान से पहले गाना अनिवार्य होगा, साथ ही सम्मान और प्रसारण से जुड़े स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए गए हैं।

### किन कार्यक्रमों में अनिवार्य होगा राष्ट्रीय गीत

सरकार द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार निम्न अवसरों पर वंदे मातरम अनिवार्य रूप से गाया या बजाया जाएगा। सिविल सम्मान समारोह (जैसे पद्म पुरस्कार कार्यक्रम), आधिकारिक सरकारी समारोह, राष्ट्रपति के किसी कार्यक्रम में आगमन और प्रस्थान के समय, राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले और बाद में (आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारण के दौरान), राज्यपाल/उपराज्यपाल के अपने राज्य या केंद्रशासित प्रदेश में सरकारी समारोह में आगमन और प्रस्थान के समय, राष्ट्रीय ध्वज को परेड में लाए जाने के अवसर पर और सरकार द्वारा विशेष आदेश जारी किए जाने पर अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, ऐसे अवसरों पर भी राष्ट्रगीत गाया जा सकेगा जो भले औपचारिक न हों, लेकिन मंत्रियों आदि की उपस्थिति के कारण महत्वपूर्ण हों। स्कूलों में भी प्रतिदिन प्रात:काल राष्ट्रीय गीत बजाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बजाने और सम्मान से जुड़े नियम

निदेर्शों के अनुसार, जब भी राष्ट्रीय गीत बजाया जाएगा, उसकी शुरूआत मृदंग की ध्वनि से होगी, ताकि लोगों को गीत शुरू होने का संकेत मिल सके। मार्चिंग ड्रिल के दौरान सात धुनें बजेंगी, जो धीरे-धीरे तेज होकर अंत में मंद हो जाएंगी। जब भी राष्ट्रीय गीत गाया या बजाया जा रहा हो, सभी उपस्थित लोगों के लिए सम्मान में खड़ा होना अनिवार्य होगा। हालांकि, यदि किसी समाचार, फिल्म या वृत्तचित्र में राष्ट्रीय गीत प्रसारित होता है, तो दर्शकों के लिए खड़ा होना अनिवार्य नहीं होगा, ताकि प्रदर्शन में बाधा न आए। इन नए नियमों के साथ सरकार ने राष्ट्रीय गीत के गायन और सम्मान को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय कर दिए हैं।

राहुल गांधी ने बजट पर चर्चा के दौरान सरकार पर तीखा हमला बोला था

# अभी तक कोई ऐसा नहीं जन्मा जो देश बेच सके : वित्त मंत्री



- खाद्य सब्सिडी के लिए 2.27 लाख करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान, 80 करोड़ लोगों को अभी भी मुफ्त राशन

नई दिल्ली। लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर हुई आम चर्चा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में राहुल गांधी के ह्यदेश बेचनेह्ण वाले बयान पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी ऐसे शख्स का जन्म नहीं हुआ, जो देश को बेच सके। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस समेत विपक्ष पर तीखा हमला बोला। महिला सुरक्षा के विषय पर उन्होंने कहा कि एक राज्य की महिला मुख्यमंत्री कहती हैं कि महिलाओं को रात में घर से नहीं निकलना चाहिए। ये अपने राज्य की कानून व्यवस्था ठीक नहीं कर रहे और महिलाओं को दोष दे रहे हैं। कोलकाता में हुए रेप पर एक सांसद ने कहा कि अगर गुनहगार दोस्त ही निकले, तो हम क्या कर सकते हैं? महिला सुरक्षा के विषय में अभिषेक बनर्जी कह रहे हैं कि हमने कानून बनाया है, गवर्नर को भेजा और वहां से राष्ट्रपति के पास पेंडिंग में है, हम क्या करें? उन्होंने कहा कि बंगाल में बम चलता है, कानून नहीं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि बजट पर कम्युनिस्ट लोगों ने बयान दिया है कि हमें कुछ नहीं मिलता। कम्युनिस्ट के राज में कानून व्यवस्था इतनी नीचे चली जाती है कि कोई निवेश वहां नहीं पहुंचता। केरल में एक इंडस्ट्री ग्रुप ने करोड़ों का अपना निवेश हटाया और दूसरी जगह चले गए। इंडस्ट्री को आकर्षित करने के लिए राज्य मेहनत करते हैं, मगर हम देखते हैं कि कम्युनिस्ट लोग सरकार में रहते हुए ऐसा कुछ नहीं करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अनुसूचित जातियों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध केरल में होते हैं। प्रति एक लाख की आबादी पर 661 अपराध केरल में हो रहे हैं। अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ भी सबसे ज्यादा अपराध दर केरल में है। इसमें लगातार बढ़ोतरी भी हो रही है। ये एनसीआरबी के आंकड़े हैं।

### राहुल पर बोला सीधा हमला

राहुल गांधी के बयान पर जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी तरह-तरह की बातें करते हैं। उन्होंने चेयर पर बैठे जगदम्बिका पाल को अपनी पार्टी का नेता बताया और बिट्टू को देशद्रोही कहा था। ऐसा कहने वाले हमारे विपक्ष के नेता हैं।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने डेटा पर चिंता व्यक्त की कि देश का डेटा विदेश जा रहा है। यह सही नहीं है। हम डेटा सेंटर के लिए प्रावधान कर रहे हैं। हम डेटा भारत में रखने के लिए प्रावधान कर रहे हैं, जिससे हमारे नौजवानों को नौकरी मिल सके। फूड, फर्टिलाइजर, फ्यूल सिक्योरिटी पर बयान दे रहे हैं, इस पर जवाब ध्यान से सुनना चाहिए।वित्त मंत्री ने कहा कि कुल खाद्य सब्सिडी के लिए 2.27 लाख करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान है और 80 करोड़ लोगों को अभी भी मुफ्त राशन दे रहे हैं। मिनिस्ट्री ऑफ फूड प्रोसेसिंग द्वारा इंडस्ट्री सेटअप के लिए 4,064 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है। निर्मला सीतारमण ने सवाल उठाया कि देश को बेचने वाले लोग कौन हैं? 2013 में वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन में कांग्रेस ने एक समझौता किया। ट्रेड फैसिलिटेशन और अनाज रखने वाले सार्वजनिक भंडार को लेकर समझौता हुआ था। इसका मतलब था कि जनवरी 2017 से भारत में किसानों से कोई खरीद नहीं होगी, और हम राशन की दुकानों से लोगों को कुछ नहीं दे सकते थे। बाली में यह समझौता करने वाले कांग्रेस के लोग हैं।

# उत्तर भारत में ठंड की पकड़ ढीली, दिल्ली में धूप का जोर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर-पश्चिम भारत में सर्दी अब धीरे-धीरे विदाई की ओर बढ़ती नजर आ रही है। दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे इलाके में दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। धूप की गर्माहट अब साफ महसूस होने लगी है। आमतौर पर फरवरी के दूसरे हिस्से में पारा बीस डिग्री तक पहुंचता है, लेकिन इस बार गर्मी का यह संकेत सामान्य से पहले ही दिखने लगा है। मौसम के इस बदले मिजाज को सर्दी की समय से पहले विदाई की शुरूआत माना जा रहा है। तापमान में इस बढ़ोतरी के पीछे एक बड़ी वजह उत्तर-पश्चिम भारत और दिल्ली-एनसीआर में सर्दियों की बारिश का लगभग न के बराबर होना है। मैदानी इलाकों पर पश्चिमी विक्षोभ इस बार ज्यादा सक्रिय नहीं रहे। जिससे पूरे क्षेत्र में मौसम सामान्य से अधिक शुष्क बना रहा। दरअसल, जब सर्दियों में बादल और बारिश नहीं होती, तो दिन के समय तेज धूप सीधे जमीन को गर्म करती है और तापमान तेजी से ऊपर चढ़ने लगता है। यही कारण है कि इस बार ठंड का असर अपेक्षाकृत जल्दी कमजोर पड़ता नजर आ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार 15 फरवरी तक दिल्ली का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। तापमान धीरे धीरे 30 डिग्री सेल्सियस की ओर बढ़ रहा है, जो इस समय सामान्य से अधिक माना जा रहा है। जबकि न्यूनतम तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल में वोटिंग बढ़ाने के लिए 78 रेसिडेंसियल बिल्डिंग में बनेंगे पोलिंग बूथ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में रेसिडेंसियल बिल्डिंग्स में भी पोलिंग बूथ बनाये जायेंगे चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी हैआयोग की ओर से बताया गया है कि उसने बंगाल असेंबली इलेक्शन में 78 अपार्टमेंट्स में पोलिंग बूथ बनाये जा सकते हैं जिन आवासीय इमारतों में पोलिंग बूथ बनेंगे, उसकी सूची 25 फरवरी को जारी की जायेगी इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने कहा है कि ऐसे बूथ की संख्या कुछ कम भी हो सकती है आवासीय इमारतों में बूथ बनाने के बारे में आयोग का कहना है कि पोलिंग बूथ कहीं और होने पर आवासीय इमारतों में रहने वाले बहुत कम लोग वोट देने के लिए निकलते हैं यही वजह है कि इस बार मल्टीस्टोरी रेसिडेंसियल बिल्डिंग्स में पोलिंग बूथ बनाने का फैसला किया गया है इससे बुजुर्ग से लेकर अन्य लोग भी आसानी से बूथ तक पहुंच सकेंगे इससे वोट प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिलेगी. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आवासीय इमारतों में बूथ बनाने पर ऐतराज जताया था।






# मानसिक रूप से दिव्यांग युवक बना साइबर माफिया का मोहरा, करोड़ों की ठगी का नेटवर्क बेनकाब

■ **सरकारी योजनाओं और लोन के नाम पर खुलवाए खाते, एसआईटी जांच में बड़े रैकेट के संकेत, आरोपित गिरफ्तार**



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में साइबर अपराध का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने न केवल बैंकिंग व्यवस्था बल्कि ग्रामीण स्तर पर सक्रिय साइबर गिरोहों की जड़ों को भी उजागर कर दिया है। मानसिक रूप से कमजोर युवक के नाम पर फर्जी बैंक खाते खुलवाकर करोड़ों रुपये के अवैध लेन-देन किए जाने का खुलासा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि पूरे नेटवर्क की परतें अभी खुलनी बाकी हैं।

मामले का खुलासा 9 फरवरी को तब हुआ, जब संजीत कुमार कुशवाहा ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके छोटे भाई हेमंत कुमार, जो मानसिक रूप से कमजोर हैं, को गांव के दो युवकों ने सरकारी लोन दिलाने का झांसा दिया। भरोसे में लेकर उनके नाम पर दो अलग-अलग बैंकों में खाते खुलवाए गए और सिम कार्ड भी जारी करा लिया गया। हैरानी की बात यह है कि खाते से संबंधित कोई दस्तावेज या लेन-देन की जानकारी हेमंत या उनके परिवार को नहीं दी गई।

तकनीकी जांच में जो तथ्य सामने आए, वे चौंकाने वाले थे। इन खातों के माध्यम से करोड़ों रुपये का संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह रकम विभिन्न साइबर ठगी की घटनाओं से जुड़ी हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना में कांड संख्या 07/2026 दर्ज कर एसपी के निर्देश पर विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया।

जांच के दौरान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बैरी गांव निवासी अनमोल तिवारी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि गिरोह का काम भोले-भाले और जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना, लोन या आर्थिक मदद का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाना था। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से प्राप्त रकम को ट्रांसफर और निकालने के लिए किया जाता था।

यह मामला कई सवाल भी खड़े करता है, क्या बैंक खाते खोलते समय उचित सत्यापन हुआ, मानसिक रूप से अक्षम व्यक्ति के नाम पर खाता खोलने में किन दस्तावेजों का उपयोग किया गया, क्या बैंकिंग सिस्टम की लापरवाही ने इस गिरोह को खुली छूट दी। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। आम लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक दस्तावेज, आधार कार्ड या सिम कार्ड की जानकारी न दें और लोन या सरकारी योजना के नाम पर मिलने वाले झांसे से सतर्क रहे।

## पांचवें दिन भी घर में नहीं जला चूल्हा, मां व बहन ने डीएम बक्सर व जन प्रतिनिधियों से लगाई गुहार

# राजस्थान माइंस हादसा : पांचवें दिन खाई के पास मिला लापता रामानंद का जूता, अब भी उम्मीद में परिजन



■ **राज्य सरकार से स्थानीय रोजगार की मांग तेज**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

राजस्थान के रामगढ़ उडेला माइंस हादसे में लापता डुमरांव थाना क्षेत्र के रजडीहा गांव निवासी रामानंद तिवारी की तलाश पांचवें दिन भी जारी है। इस बीच बुधवार को घटनास्थल के समीप खाई के किनारे से उनका एक जूता बरामद होने की सूचना मिली है, जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। हालांकि अब तक युवक का कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे माइंस में पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर सैकड़ों फीट गहरी खाई में गिर गया था। उसी दौरान पोकलेन मशीन चला रहे रामानंद तिवारी मशीन सहित खाई में समा गए थे। खाई में भारी मात्रा में पानी भरे होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी बाधा उत्पन्न हुई। चौथे दिन प्रशासन ने कई क्रेनों की मदद से खाई में गिरी पोकलेन मशीन को बाहर निकाल लिया था, लेकिन चालक का अब तक पता नहीं चल सका है।

पांचवें दिन खाई के पास से मिला जूता हादसे की गंभीरता को और गहरा कर रहा है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं, लेकिन अब भी उन्हें चमत्कार की उम्मीद है। उसके पैतृक गांव रजडीहा में मातमी सन्नाटा पसरा है। रामानंद के घर पांचवें दिन भी चूल्हा नहीं जला है। माता देवी, पिता पारसनाथ तिवारी और बहन शिल्पी देवी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

बहन शिल्पी ने जिलाधिकारी साहिला से फोन पर बात कर भाई की शीघ्र और सक्रिय तलाश करवाने की गुहार लगाई है। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि वे राजस्थान के संबंधित जिलाधिकारी से बात कर युवक की खोजबीन में तेजी लाने का आग्रह करेंगी। परिवार ने स्थानीय सांसद, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों से भी हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि प्रशासनिक स्तर पर दबाव बनाकर खोज अभियान को और तेज किया जा सके।

इधर, मौके पर मौजूद दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष अगस्त उपाध्याय ने राज्य सरकार से मांग की है कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें दूसरे राज्यों में जोखिम भरे कार्यों के लिए पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नवानगर को स्पेशल आर्थिक जोन घोषित किए जाने के बावजूद क्षेत्र में संसाधन, बाजार और औद्योगिक गतिविधियों का अभाव है। कई कंपनियां बंद हो चुकी हैं, जिससे बेरोजगार युवा दूसरे प्रदेशों में काम करने को मजबूर हैं और कई बार हादसों का शिकार हो रहे हैं।

गांव में शोक और बेबसी का माहौल है। लोग ईश्वर से रामानंद की सलामती की दुआ कर रहे हैं, वहीं प्रशासन से जल्द से जल्द ठोस परिणाम की उम्मीद लगाए बैठे हैं। पांच दिन बीत जाने के बाद भी तलाश जारी है, लेकिन हर गुजरता दिन परिजनों की पीड़ा को और गहरा कर रहा है।

## चौसा में शिक्षा सुधार की नई पहल : विद्यालय प्रबंधन में समुदाय की बढ़ेगी सीधी भागीदारी

**केटी न्यूज/चौसा**

सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चौसा में आयोजित तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। बिहार शिक्षा परियोजना, बक्सर के तत्वावधान में चौसा उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सामुदायिक सहभागिता को व्यवहारिक रूप देना रहा। प्रशिक्षण में संबंधित सीआरसी के अंतर्गत आने वाले 12 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को विद्यालय संचालन की प्रक्रियाओं, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, संसाधनों के समुचित उपयोग तथा वित्तीय पारदर्शिता के व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति और सीखने के स्तर में सुधार के लिए समुदाय की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई।

प्रशिक्षण सत्रों में बताया गया कि विद्यालय शिक्षा समिति केवल औपचारिकता भर नहीं है, बल्कि यह स्थानीय स्तर पर शिक्षा व्यवस्था की निगरानी और सुधार की मजबूत कड़ी है। समिति की सक्रियता से न सिर्फ योजनाओं का सही उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है, बल्कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच विश्वास का वातावरण भी मजबूत होता है। समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हृषिकेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निर्णय प्रक्रिया में सामूहिकता अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय से जुड़े विकास कार्यों, निर्माण गतिविधियों और शैक्षणिक कार्यक्रमों में समिति की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना कम होगी।

## सांसद सहयोगी के नाम पर दबाव की सियासत शिक्षा विभाग में पत्राचार से मचा हड़कंप

■ **आरटीआई में उठे सवाल क्या सांसद सहयोगी को है आधिकारिक पत्र जारी करने का अधिकार**




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला शिक्षा कार्यालय बक्सर में इन दिनों एक नए विवाद ने प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज कर दी है। मामला ह्यसांसद सहयोगीह्ल के नाम पर हो रहे कथित दबाव और आधिकारिक पत्राचार से जुड़ा है। आरोप है कि संवेदक के रूप में कार्य कर चुका एक व्यक्ति, जो अपने रिश्तेदारों के नाम पर भी विभागीय कार्यों से जुड़ा रहा है, सांसद सहयोगी की पहचान का उपयोग कर अधिकारियों पर प्रभाव बनाने की कोशिश कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार संबंधित व्यक्ति द्वारा जिला से लेकर राज्य स्तर तक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सांसद सहयोगी के नाम से पत्र भेजे जा रहे हैं। इन पत्रों में विभिन्न मामलों में हस्तक्षेप और मनोनुकूल कार्रवाई का दबाव बनाए जाने की बात सामने आ रही है। शिक्षा कार्यालय के भीतर चर्चा है कि इस तरह के पत्राचार का उद्देश्य विभागीय ठेकों और योजनाओं में प्रभाव कायम रखना हो सकता है।

यह तथ्य भी सामने आया है कि स्थानीय सांसद ने शिक्षा विभाग के लिए औपचारिक रूप से एक सांसद सहयोगी का मनोनयन किया है और इसे अपने लेटर पैड पर जारी भी किया है। लेकिन विवाद इस बात को लेकर गहराया है कि क्या मनोनयन के बाद कोई सांसद सहयोगी स्वतंत्र रूप से विभागीय अधिकारियों को आधिकारिक पत्र जारी कर सकता है, क्या उसे प्रशासनिक हस्तक्षेप का अधिकार प्राप्त है।

इसी संदर्भ में एक आरटीआई कार्यकर्ता ने संसदीय कार्य मंत्रालय से विस्तृत जानकारी मांगी है। आरटीआई में यह स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया है कि सांसद सहयोगी की संवैधानिक या प्रशासनिक भूमिका क्या है, और क्या वह किसी विभाग पर आधिकारिक दबाव बना सकता है।

सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि मध्याह्न भोजन और बेंच-डेस्क जैसी करोड़ों की योजनाओं से जुड़े कार्यों में संबंधित व्यक्ति की सक्रिय भूमिका रही है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## एक नजर

### भीखा बांध के पास बनेगा भूमिविहीन गरीबों का आवास, 5 बीघा सरकारी भूमि चयनित

**भूमि को नप को हस्तांरित करने के लिये सीओ को लिखा गया पत्र**

**डुमरांव।** नगर में ऐसे भूमिहीन परिवार ऐसे हैं, जिनका अपना घर नहीं है, जिससे खुले आसमान के नीचे वर्षों से रहते चले आ रहे हैं। वैसे लोगों को सरकारी योजना के तहत टू बीएच फ्लैट बनाकर देना है। नप के पास इतना जमीन सरकारी नहीं है, जिससे गरीबों का घर बना दे सके। इस संबंध में जानकारी मिली है कि जब अजीत कुशवाहा डुमरांव विधायक थे, तो उन्होंने गरीबों को फ्लैट बनाने के लिये भीखा बांध के पास 5 बीघा सरकारी जमीन को चयनित करते हुए सीओ के पास उक्त् भूमि को नप को एलॉटमेंट करने के लिये लिखा था। हालांकि अभी तक उसका सीओ कार्यालय के द्वारा एलॉट नहीं किया जा सका है, जिससे अग्रेत्तर कार्रवाई नहीं हो पाई है। इधर गरीब परिवार घर और जमीन के लिये नप कार्यालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं, लेकिन उन्हें आसरा नहीं मिल रहा है। मालूम हो कि डुमरांव में स्टेशन रोड के तीन कोनिया स्थित विष्णू मंदिर के पास शील कुटवा बस्ती था, जो सरकारी जमीन थी। फिर उक्त जमीन को शील कुटवा बस्ती के लिये एलॉट कर दिया गया। फिर वहां रहने वाले लोगों को आवास बनाने की सुविधा नगर परिषद की तरफ से मिलने लगी। वर्तमान समय में वहां लगभग आधा दर्जन लोगों को आवास बनाने की सुविधा मुहैया करायी गई। आवास बन जाने से परिवार के लोग खुशी के साथ रह रहे हैं। उसी तरह से यदि भीखा बांध वाले सरकारी जमीन नप को हैंडओवर हो गया तो गरीब और भूमिहीन परिवार को टू बीएच फ्लैट बनाकर दिया जा सकता है। नप ईओ राहुलधर दूबे ने बताया की सीओ को हैंडओवर करने के लिये पत्र दिया गया है। नप को उक्त जमीन का हस्तांतरण होते ही भूमिहीनों को फ्लैट बनाकर दिया जाएगा।

### 10 से 24 तक चलने वाले फलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दवा खिलाने कार्य शुरू

**प्रखंड में 10 हजार लोगों को दवा खिलाने का रखा गया है लक्ष्य**



**डुमरांव।** फलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत डोर टू डोर लोगों को एल्बेंडजोल की गोली को खिलाया जा रहा है। दवा खिलाने का कार्यक्रम 10 फरवरी से शुरू होकर 24 तक चलेगा। फिर उसके बाद 25 से 27 तक बूथ लेवल पर दवा खिलाने का कार्यक्रम चलाया जाएगा। दवा पिलाने की मॉनीटरिंग सीडीओ डा. शालीग्राम पांडेय और पीएचसी प्रभारी डा. आरबी प्रसाद स्थलों का निरीक्षण कर जानकारी ले रहे थे। इस कार्यक्रम को शुरू होने से पहले आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य कर्मी को प्रशिक्षित किया गया था। प्रशिक्षण में सभी को यह जानकारी दी गई थी की किसे दवा खिलाना है और किसे नहीं खिलाना है। विदित हो कि फलेरिया का दवा गर्भवती महिला और बीमार लोगों को नहीं खिलाना है। दवा खिलाने के समय महिला, पुरूष की उम्र पर भी ध्यान देना जरूरी है। क्योंकि दो साल से छह साल तक के बच्चे को फलेरिया की एक गोली ही खिलाना है। उसी तरह से छह साल के उपर और 14 साल के नीचे उम्र वाले को 2 गोली खिलाना है। फिर 15 साल से उपर वाले को 3 गोली खिलाना है। वहीं गर्भवती महिला और बीमार पुरूष और महिला को दवा नहीं खिलाना है। इन सारी बातों की जानकारी प्रशिक्षण के समय सभी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आंगनबाड़ी सेविका को दिया जा चुका है। फिर भी कोई सेंटर पर इस तरह की गलती नहीं हो, इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम हर स्थलों पर जाकर जांच करने में लगी रही।

# अयोध्या का दिव्य क्षण जीवंत हुआ ठोरी पांडेयपुर में, राम जन्मोत्सव पर भक्ति में डूबा जनसमूह

■ **पांच दिवसीय श्रीराम कथा में उमड़ा आस्था का सागर, जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसर**





**केटी न्यूज/चौगाई**

प्रखंड क्षेत्र के ठोरी पांडेयपुर गांव स्थित पश्चिम पोखरा परिसर का गौरीशंकर-राधेकृष्ण मंदिर इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित है। यहां आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा ने पूरे गांव को मानो त्रेतायुग की पावन स्मृतियों से जोड़ दिया है। कथा के दूसरे दिन भगवान श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग जैसे ही प्रारंभ हुआ, वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा और पूरा परिसर ह्यजय श्रीरामह्ल के गगनभेदी उद्घोष से गूंज उठा। राष्ट्रीय कथावाचक पंडित मधुसूदन बिहारी जी ने अत्यंत ओजस्वी और भावपूर्ण शैली में राम जन्म का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम का अवतार केवल एक पौराणिक घटना नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन का दिव्य संदेश है। उन्होंने बताया कि जब अयोध्या में दशरथ नंदन राम का प्राकट्य हुआ, तब देवताओं ने पुष्पवर्षा कर इस अलौकिक क्षण का अभिनंदन किया। कथावाचक के शब्दों के साथ श्रोताओं की भावनाएं भी उमड़ पड़ीं। कई श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं तो कई आनंद में झूमते नजर आए। कथा के दौरान संगीतमय भजन-कीर्तन ने माहौल को और भी अधिक भक्तिमय बना दिया। ढोल-मंजीरे और मधुर स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते रहे। महिलाओं की बड़ी संख्या कथा स्थल पर उपस्थित रही, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। युवाओं और बच्चों की सहभागिता ने आयोजन को और भी जीवंत बना दिया। कथावाचक ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीराम का जीवन त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और सत्य का अनुपम उदाहरण है। आज के सामाजिक परिवेश में यदि राम के आदर्शों को आत्मसात किया जाए, तो परिवार और समाज दोनों में शांति और सद्भाव स्थापित हो सकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि कथा केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का संदेश है।

आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और प्रसाद वितरण का विशेष ध्यान रखा गया है। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक उत्साह से सराबोर हो उठा है। पांच दिवसीय इस कथा के आगामी दिनों में श्रीराम के बाल्यकाल, गुरु आश्रम प्रवास, वनगमन और अन्य प्रेरक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। ठोरी पांडेयपुर में प्रवाहित यह भक्ति धारा न केवल गांव, बल्कि पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक चेतना से आलोकित कर रही है।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, छेत्वानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

# केसठ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का वरीय उप समाहर्ता ने किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**केटी न्यूज/केसठ**

बुधवार को वरीय उप समाहर्ता सह वरीय पदाधिकारी केसठ, आलोक नारायण वत्स द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय केसठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, जनसेवा से संबंधित योजनाओं की प्रगति तथा अभिलेखों के संधारण की स्थिति का गहन जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में श्री वत्स ने दाखिल खारिज, परिमार्जन एवं ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कार्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेखों के रख रखाव एवं फाइलों के संधारण की भी जांच की गई। उन्होंने अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने तथा डिजिटल रिकॉर्ड को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। साथ ही बायोमेट्रिक उपस्थिति पंजी की भी जांच की गई और सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर बायोमेट्रिक के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का सख्त निर्देश दिया गया। वरीय उप समाहर्ता ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जवाबदेही के साथ करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय कर्मियों में हलचल बनी रही। इसी कड़ी में प्रखंड परिसर स्थित निमार्णाधीन सीएचसी अस्पताल का निरीक्षण किया तथा एजेंसी को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। तथा समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों द्वारा दिए गए निदेर्शों के आलोक में कार्य प्रणाली में और अधिक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

### 10 से 24 फरवरी तक चलेगा एमडीए कार्यक्रम, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को छोड़ सभी को दवा सेवन की अपील

# बक्सर में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का आगाज डीएम ने बच्चों को दवा खिलाकर किया शुभारंभ

- अरवल में वाहन चेकिंग के दौरान हुए दर्दनाक हादसे का शिकार
- गर्भवती पत्नी भी है इसी विभाग में, माता-पिता व भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हो गया है बुरा हाल



**केटी न्यूज/बक्सर**

फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में बक्सर जिला प्रशासन ने व्यापक अभियान की शुरूआत कर दी है। जिलाधिकारी साहिला ने बुधवार को इटाढ़ी प्रखंड के अतरौना पंचायत के सिकटौना गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 17 पर बच्चों को स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा खिलाकर सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी सेविका और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शुभारंभ के मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोके जाने योग्य बीमारी है। इसे आम बोलचाल में ह्यहाथीपांवह्ण के नाम से जाना जाता है, जो मच्छर के काटने से फैलती है। उन्होंने बताया कि यह बीमारी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी दिव्यांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी मानी जाती है। इसकी भयावहता इस बात से समझी जा सकती है कि कई मामलों में इसके लक्षण 5 से 15 वर्षों बाद सामने आते हैं, जिससे रोगी को लंबे समय तक बिना जानकारी के संक्रमण झेलना पड़ता है।

जिलाधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति या अफवाह पर ध्यान न दें और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जा रही दवाओं का सेवन अवश्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि साल में केवल एक बार निर्धारित फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करने से इस बीमारी से प्रभावी बचाव संभव है। सामूहिक प्रयास और जागरूकता से ही जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सकता है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि बक्सर जिले के सभी प्रखंडों में 10 फरवरी से 24 फरवरी तक एमडीए कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस दौरान आशा कार्यकर्ता और एएनएम घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को दवा खिलाएंगी। प्रशासन ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा सेवन से वंचित न रह जाए।

अधिकारियों ने बताया कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा अत्यधिक गंभीर बीमारी से ग्रसित वयस्कों को छोड़कर सभी लोगों को यह दवा दी जाएगी। दवा का सेवन भरपेट नाश्ता या भोजन करने के बाद ही करना है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। जब तक समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी नहीं होगी, तब तक इस बीमारी पर पूरी तरह नियंत्रण संभव नहीं है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और स्वयंसेवी संगठनों से भी जागरूकता फैलाने में सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों और अभिभावकों को दवा सेवन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार की शंका होने पर तत्काल स्वास्थ्य कर्मियों से संपर्क करने की सलाह दी गई। प्रशासन का लक्ष्य है कि निर्धारित अवधि में अधिकतम कवरेज सुनिश्चित कर जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाए।

## एक नजर

### चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस को देख भागा तस्कर, शराब बरामद, बाइक जब्त

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के बन्हेजी डेरा गांव में चोरी की सूचना पर जांच करने पहुंची पुलिस का सामना एक शराब तस्कर से हो गया। हालांकि, शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहा। जबकि पुलिस ने उसकी अपाचे बाइक से विभिन्न ब्रांडो का 25.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करने के साथ ही बाइक जब्त कर ली है। पुलिस उसके रजिस्टेज्शन नंबर के आधार पर तस्कर के पहचान के प्रयास में जुट गई है। इस मामले में डुमरांव थाने के एसआई मतेन्द्र कुमार के बयान पर अज्ञात तस्कर के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बुधवार की अहले सुबह बन्हेजी डेरा गांव में पुलिए टीम चोरी की घटना की सूचना पर पड़ताल करने गई थी। पुलिस टीम जब उधर से लौट रही थी तो एक व्यक्ति ब्लू रंग की अपाचे बाइक जिसका रजिस्टेज्शन नंबर बीआर 44जे 2232 है, पुलिस टीम को देख बाइक छोड़ भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठा पुलिस की नजरों से ओझल हो गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि जब उसके बाइक के पीछे बंधे बोरे की तलाशी ली गई तो उसके अंदर से विदेशी शराब की शीशिया बरामद हुई, जिसके बाद पुलिस टीम बाइक को जब्त कर तथा बरामद शराब को लेकर थाने आई। थानाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि तस्कर के पहचान का प्रयास किया जा रहा है। जल्दी ही उसे दबोच लिया जाएगा।

### बन्हेजी डेरा से भैंस चोरी, पशुपालक ने पुलिस से की शिकायत

**डुमरांव ।** डुमरांव थाना क्षेत्र के बन्हेजी डेरा गांव से अज्ञात चोरों ने एक भैंस की चोरी कर ली है। यह भैंस स्थानीय गांव निवासी पशु पालक धनेजर यादव पिता स्व. शंकर यादव की है। इस मामले में पीड़ित पशुपालक ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दे चोरी गई भैंस को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस को दिए आवेदन में धनेजर ने जिक्र किया है कि मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे पर बंधी भैंस चुरा लिया है। पशुपालक का कहना है कि चोरी गई भैंस की कीमत हजारों रूपए है। वहीं, भैंस चोरी के बाद बन्हेजी डेरा के ग्रामीण डरे-सहमे हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश लोग अपने पशुधन को दरवाजे पर ही बांधते है। ग्रामीणों ने इस इलाके में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### आईसीयू व मदर न्यू बॉर्न यूनिट चालू कराने को 20 फरवरी से आमरण अनशन का ऐलान

**डुमरांव।** लोकहित एवं आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सह आरटीआई कार्यकर्ता हरे कृष्णा सिंह उर्फ कृष्णा यादव ने 20 फरवरी 2026 से शहीद स्मारक पार्क, डुमरांव में आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा की है। उनका कहना है कि सदर अस्पताल बक्सर में वर्षों से बनकर तैयार 10 बेड का आईसीयू तथा अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव में 20 बेड का मदर न्यू बॉर्न केयर यूनिट अब तक पूरी तरह क्रियाशील नहीं हो पाया है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि 15 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से पूर्व उनके आग्रह पर 14 फरवरी 2025 से आईसीयू संचालन का आदेश दिया गया था, लेकिन बाद में प्रशासन ने मानव बल और उपकरणों की कमी का हवाला देकर इसे बंद कर दिया। वहीं, डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में 5 अगस्त 2025 को मदर न्यू बॉर्न केयर यूनिट का उद्घाटन होने के बावजूद अब तक एक भी जरूरतमंद माता या नवजात को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

हरे कृष्णा सिंह ने बताया कि उन्होंने 28 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी बक्सर को आवेदन देकर 12 फरवरी 2026 से पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री आवास पटना जाने तथा सुरक्षा व स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की थी। उनका आरोप है कि 11 फरवरी तक इस संबंध में कोई लिखित सूचना नहीं दी गई।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि स्वास्थ्य सुविधाएं शीघ्र चालू नहीं की गईं तो 20 फरवरी से आमरण अनशन शुरू करेंगे, जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी।

## बक्सर में कांग्रेस को मिला संबल, 50 से अधिक लोगों ने थामा हाथ

**बक्सर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बुधवार को आयोजित सदस्यता समारोह में विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़े 50 से अधिक लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने की। पार्टी नेताओं ने इसे संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में संतोष कुशवाहा, यतेंद्र गुप्ता, राम आशीष सिंह, जनार्दन यादव, चंद्रभूषण प्रसाद, रामबचन कुशवाहा, मोहन राम, धर्मेंद्र शाह और वकील मल्लाह समेत अन्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन की विचारधारा और कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले महीनों में प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देती है और संगठन में सक्रिय कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।डॉ. पांडे ने कहा कि जिले में युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने नए सदस्यों से क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसमस्याओं को उठाने का आह्वान किया। साथ ही यह भी बताया कि अन्य दलों से आने वाले लोगों को संगठनात्मक प्रक्रिया के तहत सदस्यता दी जाएगी। कार्यक्रम में भोला ओझा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष संजय पांडे, त्रिलोकी नाथ मिश्रा, संजय कुमार दुबे, अजय यादव, त्रिज्योगी नारायण मिश्रा, राकेश यादव और रविंद्र राय समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छह माह से ठंडे बस्ते में जमीन कब्जा व रंगदारी केस, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे तीखे सवाल

**केटी न्यूज/बक्सर**

इटाढ़ी रोड स्थित लालगंज मौजा में जमीन विवाद और 50 लाख रुपये की कथित रंगदारी मांग से जुड़ा मामला अब पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा प्रश्नचिह्न बन गया है। पीड़ित पत्रकार आलोक कुमार के आवेदन पर लालगंज निवासी सुदामा सिंह व उनके पुत्रों रंजीत कुमार, संजय कुमार और सुशील कुमार के खिलाफ मुफस्सिल थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप है कि खाता संख्या 141, प्लॉट संख्या 26 की जमीन को लेकर जबरन कब्जे की कोशिश की गई और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। एफआईआर दर्ज हुए करीब छह माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई के अभाव ने पूरे मामले को संदेह के घेरे में ला दिया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि भूमि सुधार उप समाहर्ता न्यायालय के आदेश की भी अवहेलना की गई, फिर भी प्रशासनिक स्तर पर सख्ती नहीं दिखी। सूत्रों के अनुसार, आरोपित पक्ष पर पूर्व से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके बावजूद कार्रवाई में देरी से स्थानीय लोगों में यह चर्चा तेज है कि क्या प्रभावशाली लोगों के सामने कानून बेअसर हो रहा है।



मामला अब सिर्फ जमीन विवाद तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह कानून-व्यवस्था और पुलिस की जवाबदेही का मुद्दा बनता जा रहा है। निगाहें अब बक्सर पुलिस पर टिकी हैं कि वह लंबित कार्रवाई को आगे बढ़ाकर पीड़ित को न्याय दिलाने की दिशा में कब निर्णायक कदम उठाती है।

# आस्था बनाम विज्ञान: गोपालडेरा में नाग दर्शन से उमड़ी भीड़, विशेषज्ञों ने बताया प्राकृतिक कारण

- एक ही झाड़ी से बार-बार निकल रहा कोबरा बना चर्चा का केंद्र, ग्रामीण पूजा में जुटे, स्नैक रेस्क्यूवर बोले धूप सेंकने की सामान्य प्रक्रिया



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव प्रखंड के गोपालडेरा गांव में इन दिनों एक कोबरा सांप को लेकर आस्था और विज्ञान के बीच दिलचस्प स्थिति बनी हुई है। गांव के एक झाड़ीदार स्थान से बार-बार कोबरा के निकलने की घटना ने इलाके को धार्मिक रंग में रंग दिया है। ग्रामीण इसे ह्यनाग देवताह्ण का चमत्कार मान रहे हैं, जबकि विशेषज्ञ इसे पूरी तरह प्राकृतिक व्यवहार बता रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से दोपहर के समय एक ही जगह से कोबरा बाहर निकलता है, कुछ देर फन फैलाकर बैठता है और फिर वापस झाड़ियों में चला जाता है। बुधवार की दोपहर भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। मौके पर मौजूद किसी युवक ने इसका वीडियो बना लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद आसपास के गांवों से भी लोग ह्यदर्शनह्ण के लिए पहुंचने लगे।

घटना के बाद गांव का माहौल पूरी तरह धार्मिक हो गया है। महिलाएं ढोलक और झाल के साथ सोहर गा रही हैं। श्रद्धालु अगरबत्ती जलाकर फूल चढ़ा रहे हैं। कुछ लोग इसे भगवान शिव के प्रतीक नाग देवता का प्रकट होना मान रहे हैं। वहीं, कई ग्रामीणों ने उस स्थान पर छोटा मंदिर बनाने की मांग भी उठा दी है।

इधर, जिले के जीव प्रेमी और स्नैक रेस्क्यूवर हरिओम चौबे ने इस पूरे घटनाक्रम को अंधविश्वास से जोड़कर देखने से बचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सांप शीत-रक्त (कोल्ड ब्लडेड) जीव होते हैं। सर्दियों में वे सुस्त रहते हैं, लेकिन फरवरी में तापमान बढ़ने और तेज धूप निकलने पर वे ऊर्जा प्राप्त करने के लिए खुले स्थानों पर आकर धूप सेंकते हैं। संभवतः उसी कारण कोबरा बार-बार उसी सुरक्षित स्थान से बाहर आ रहा है।

हरिओम चौबे ने बताया कि सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और सांप को सुरक्षित पकड़ भी लिया था। हालांकि, वहां मौजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इसे नाग देवता बताते हुए सांप को छोड़ने का आग्रह किया। लोगों की भावनाओं को देखते हुए उन्होंने सावधानीपूर्वक सांप को उसी स्थान पर छोड़ दिया।

फिलहाल गोपालडेरा में यह घटना कौतूहल और आस्था का केंद्र बनी हुई है। प्रशासन और विशेषज्ञ लोगों से अपील कर रहे हैं कि सांप से दूरी बनाए रखें और किसी भी तरह की छेड़छाड़ से बचें, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

## बीजेपी ने मनाया पं. दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि, समर्पण दिवस के रूप में किया सम्मान

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर भाजपा ने बुधवार को पार्टी कार्यालय, अहिरौली में महान राष्ट्रवादी नेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। इस कार्यक्रम में जिले के सैकड़ों कार्यकताओं ने पं. उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दर्शन व योगदान को याद किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने की, जबकि संचालन लक्ष्मण शर्मा महामंत्री ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने दिया। मुख्य अतिथि अमरेंद्र प्रताप सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के राजनीतिक जीवन और उनके दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पं. उपाध्याय का जीवन दर्शन एकात्म मानववाद पर आधारित था, जो मानवता के समग्र विकास और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने समाज में समन्वय और सहयोग को प्राथमिकता दी, तथा भारतीय संस्कृति और अंत्योदय को मान्यता दी।अमरेंद्र प्रताप सिंह ने यह भी कहा कि पं. उपाध्याय का विचार आज भी समावेशी विकास और सांस्कृतिक पहचान के लिए एक प्रगतिशील दृष्टिकोण प्रदान करता है। उनका मानना था कि भारत की असली पहचान भारतीयता और संस्कृति से है। कार्यक्रम के अंत में समापन भाषण कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मिठाई सिंह ने दिया। इस मौके पर बीजेपी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता जैसे शिवजी खेमका, मनोज पांडेय, रमेश गुप्ता, संध्या पांडेय, अरविंद पासवान, दिलीप चंद्रवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दरभंगा महाराज को भारत रत्न देने की मांग, भाजपा एमएलसी ने विधान परिषद में रखा प्रस्ताव




**एजेंसी। पटना**

दरभंगा महाराज की अंतिम महारानी कामसुंदरी देवी के निधन के बाद से महाराज कामेश्वर सिंह को भारत रत्न देने की मांग लगातार राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में उठ रही है। इस सिलसिले में बिहार विधान परिषद के भाजपा सदस्य कामेश्वर ठाकुर ने बजट सत्र के दौरान सभापति से महाराज को भारत रत्न देने की औपचारिक अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजने की मांग की है। सभा में कामेश्वर ठाकुर ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान भारतीय सेना की सहायता के लिए महारानी कामसुंदरी देवी ने 600 किलोग्राम सोना (15 मन) दान किया था। राज परिवार या महाराज का योगदान केवल इसी तक सीमित नहीं है। महाराज ने मिथिलांचल, वाराणसी, कोलकाता, दिल्ली, पटना और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय और कॉलेज स्थापित किए। महाराज शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज, कला और संस्कृति के क्षेत्र में मिथिला के लिए अमूल्य योगदान देने वाले महापुरुष थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता और ऐसे महापुरुषों को उनका उचित सम्मान दिलाना हमारा दायित्व है। भाजपा एमएलसी के इस कदम पर युवराज कपिलेश्वर सिंह ने कामेश्वर ठाकुर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यदि महाराज कामेश्वर सिंह को भारत रत्न दिया जाता है, तो यह सिर्फ परिवार या मिथिला के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात होगी। युवराज ने महाराज के संविधान सभा में सदस्य रहने, संविधान निर्माण में सहभागिता करने और स्वतंत्रता के बाद राज्यसभा सदस्य बनने के योगदान को भी याद किया। इसके अलावा महाराज लंदन में आयोजित गोलमेज सम्मेलन में भी भाग ले चुके थे। महाराज कामेश्वर सिंह का मीडिया क्षेत्र में योगदान भी उल्लेखनीय रहा। उन्होंने हिंदी में ह्यआर्यावर्तह्ण और अंग्रेजी में ह्यद इंडियन नेशनह्ण अखबारों की स्थापना की, जो लंबे समय तक प्रतिष्ठित रहे। इन संस्थानों ने कई लोगों को रोजगार भी प्रदान किया। इस प्रस्ताव के बाद राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। अब लोगों की नजर बिहार सरकार पर टिकी है कि वह महाराज कामेश्वर सिंह के भारत रत्न के लिए केंद्र सरकार को औपचारिक अनुशंसा कब भेजती है।

### युवराज कपिलेश्वर ने भाजपा एमएलसी को दिया धन्यवाद

भाजपा एमएलसी के इस कदम पर युवराज कपिलेश्वर सिंह ने कामेश्वर ठाकुर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यदि महाराज कामेश्वर सिंह को भारत रत्न दिया जाता है, तो यह सिर्फ परिवार या मिथिला के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात होगी। युवराज ने महाराज के संविधान सभा में सदस्य रहने, संविधान निर्माण में सहभागिता करने और स्वतंत्रता के बाद राज्यसभा सदस्य बनने के योगदान को भी याद किया। इसके अलावा महाराज लंदन में आयोजित गोलमेज सम्मेलन में भी भाग ले चुके थे।

# बिहार में फार्मर रजिस्ट्री ने पार किया 40 लाख का आंकड़ा, 47.8% लक्ष्य पूरा



**एजेंसी। पटना**

राज्य में 11 फरवरी 2026 तक 40,84,956 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री पूरा हुआ। कई जिलों में 80% तक निबंधन, जबकि पीएम किसान लाभार्थियों का पंजीकरण भी तेजी से जारी है। राज्य में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान ने 11 फरवरी 2026 की शाम तक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली है। ताजा आंकड़ों के अनुसार बुधवार की शाम तक कुल 40,84,956 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कर लिया गया है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 47.8 प्रतिशत है। वहीं पीएम किसान फार्मर रजिस्ट्री 21,97,778 पर पहुंच गया है। ये 25.69 फीसदी है। यह प्रगति दशार्ती है कि जिला और पंचायत स्तर पर अभियान को मिशन मोड में चलाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि 11 फरवरी की शाम तक राज्य में 40,84,956 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण किया जा चुका है, जो कि लक्ष्य का 47.8 प्रतिशत है। यह दशार्ता है कि जिला, अंचल एवं पंचायत स्तर पर अधिकारी और कर्मी मिशन मोड में कार्य कर रहे हैं। कई जिलों ने सराहनीय प्रगति की है और प्रतिदिन हजारों किसानों का पंजीकरण हो रहा है। फार्मर रजिस्ट्री केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि किसानों को योजनाओं का पारदर्शी, त्वरित और सुनिश्चित लाभ दिलाने की आधारशिला है। इससे भूमि और किसान से संबंधित डेटा एकीकृत होगा, जिससे भविष्य में किसी भी योजना का लाभ सीधे पात्र किसानों तक पहुंचाना आसान होगा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, अंचल अधिकारियों और राजस्व कर्मियों से इस अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। रिपोर्ट के अनुसार कई जिलों में पीएम किसान लाभार्थियों के ऋक्र कार्य में उल्लेखनीय बढ़त देखी जा रही है। शिवहर (54.1%), कटिहार (50.4%), किशनगंज (41.7%), पूर्णिया (41.4%), भागलपुर (39.8%), वैशाली (35.8%) और सीतामढ़ी (33.7%) जैसे जिलों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इन जिलों में बड़े पैमाने पर कैंप आधारित पंजीकरण, नियमित मॉनिटरिंग और स्थानीय स्तर पर सक्रियता का सकारात्मक असर दिख रहा है। वैशाली में 76,745, कटिहार में 1,16,878, पूर्णिया में 93,043 और सीतामढ़ी में 95,886 पीएम किसान लाभार्थियों का ऋक्र पूर्ण हो चुका है। वहीं मुजफ्फरपुर, पटना, रोहतास, सुपौल, पश्चिम चंपारण जैसे जिलों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में ऋक्रकिए जा रहे हैं। हालांकि कुछ जिलों जैसे पूर्वी चंपारण (28%), सारण (18%), सीवान (23%), जमुई (20%) और गोपालगंज (34%) में अपेक्षित गति नहीं दिख रही है। विभाग द्वारा इन जिलों में विशेष अभियान, अतिरिक्त कैंप और सघन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राज्य स्तरीय लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से हासिल किया जा सके। वहीं फार्मर रजिस्ट्री निबंधन में वैशाली (96%), शिवहर (89%), कटिहार (82%), बेगूसराय (81%) और बक्सर (80%) ने 80 फीसदी का आंकड़ा छू लिया है। शेखपुरा, किशनगंज, पूर्णिया, अरवल, लखीसराय, भागलपुर, जहानाबाद और कैमूर का आंकड़ा फार्मर रजिस्ट्री निबंधन में 60 फीसदी से ऊपर है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों के भूमि एवं योजना संबंधी डेटा का एकीकृत संकलन हो रहा है, जिससे भविष्य में उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जा सकेगा। अभियान की रफ्तार को देखते हुए आने वाले दिनों में उपलब्धि प्रतिशत में और वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है।

# आरा में करोड़ों की टैक्स चोरी का खुलासा तीन कपड़ा कारोबारियों पर जीएसटी की रेड




**केटी न्यूज/आरा**

बिहार के भोजपुर जिले आरा में वाणिज्य कर विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई नामी कपड़ा व्यवसायियों के यहां छापेमारी की। इस कार्रवाई के बाद कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, आयुक्त-सह-सचिव वाणिज्य कर विभाग, पटना के निर्देश पर पटना से आई विशेष टीम ने आरा के प्रसिद्ध कपड़ा व्यवसायी पूजा टेक्सटाइल, अंशु टेक्सटाइल और अग्रवाल टेक्सटाइल के प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापेमारी की। टीम ने इन कारोबारियों की दुकानों के साथ-साथ गोदामों की भी सघन जांच की। सूत्रों की माने तो इन कारोबारियों पर करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी का आरोप है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में बिना जीएसटी बिल का कपड़ा बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि कारोबारियों द्वारा कई सामानों की खरीद से संबंधित वैध बिल प्रस्तुत नहीं किए जा सके। वाणिज्य कर विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए हैं, जिसकी गहन जांच की जा रही है। छापेमारी में शामिल अधिकारी निखिल कुमार ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि आरा के कुछ कारोबारी सरकार को टैक्स में भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में जिले के अन्य कारोबारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल विभाग की जांच जारी है और कार्रवाई अगले कई दिनों तक चलने की संभावना है। इस छापेमारी के बाद से जिले के कारोबारियों के बीच हड़-कंप मचा हुआ है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का कोरानसराय थानाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व व्यवस्थाओं की हुई गहन जांच

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय (आवासीय छात्रावास) का औचक निरीक्षण स्थानीय थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने बुधवार को किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जांच के क्रम में नामांकन पंजिका (पंजीकरण रजिस्टर) का अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों के संधारण की स्थिति की समीक्षा की गई। विद्यालय परिसर में लगाए गए निगरानी कैमरों (सीसीटीवी) की कार्यशीलता की जांच की गई। मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वार की सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया। साथ ही आगंतुक पंजिका (विजिटर रजिस्टर) का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया गया कि बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही का समुचित अभिलेखन हो रहा है या नहीं। परिसर की स्वच्छता एवं



नियमित सफाई व्यवस्था की भी जांच की गई। बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की विशेष रूप से समीक्षा की गई। छात्रावास अधीक्षिका (वार्डन), प्रधान रसोइया, शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों से संवाद स्थापित कर विद्यालय संचालन, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था तथा सुरक्षा उपायों के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को बालिकाओं की सुरक्षा, अनुशासन एवं शैक्षणिक वातावरण को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष ने मूक-बधिर छात्राओं से भी विशेष रूप से संवाद स्थापित किया गया और उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि छात्रावास में रह रही बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और समुचित देखभाल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के उपरांत आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए।

## एक नजर

### समाजसेवी को लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**बिक्रमगंज।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरहाथा निवासी समाजसेवी मानवता सेवा संघ के सदस्य चंदन पाण्डेय की 78वर्षीय माता कमला देवी के श्राद्धकर्म में पहुंचे संगठन के प्रतिनिधि उक्त अवसर पर सभी लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन एवं वंदन किया । साथ ही साथ सभी ने उनके बताए हुए दिशा निर्देश पर चलने को कहा। मौके पर बनकटेश तिवारी ,सुनील तिवारी,अजय तिवारी,अमित तिवारी,सौरभ तिवारी,मिंटू पाण्डेय ,चंदन पाण्डेय,शारदा देवी आशा देवी ,चिंता देवी ,रीता देवी देवी, रजनीकांत पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### आर्म्स एक्ट मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**राजपुर ।** राजपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोगिया निवासी स्वर्गीय ज्वाला पासवान के पुत्र जयप्रकाश उर्फ अमरनाथ पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । सलमा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध राजपुर थाना कांड संख्या 90/19 के आलोक में धारा आर्म्स एक्ट के अलावे विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था।

### बिजली चोरी में आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज ।** बिलिंग गुणवत्ता व बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर चलाये जा रहे निरंतर विशेष अभियान तहत दावथ व सूर्यपुरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आठ लोगों पर जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है । बतादें कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर बोदाढी के संतोष सिंह पिता तूफानी सिंह पर 14545 रुपए,भीखर सिंह पिता राजगृही सिंह पर 21143 रुपए, सुरहुरिया टोला के धनजी राय पिता रामराज सिंह पर 46169 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। इनके परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नही था तथा बिजली से सम्बंधित वैध कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नही की गई । आगे बतादें कि मीटर से पहले सर्विस तार में कटिंग कर अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर सुरहुरिया के दुलारो देवी पति गांधी चौधरी पर 41 हजार 085, बोदाढी के सोनू कुमार पिता सहेंद्र सिंह पर 16 हजार 150 रुपये जुमार्ना लगाई गई है। उक्त उपभोक्ता द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी । बतादें कि विद्युत विभाग का बकाया राशि लंबित रहने पर लाइन काटने के उपरांत बिना बकाया राशि तथा पुनः विद्युत संयोजन (आरसी) शुल्क जमा किए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर सुरहुरिया टोला के दलकेश्वर चौधरी पिता राजा राम पर 45571, विजय चौधरी पिता ददन चौधरी पर 41324 रुपए व लक्ष्मण चौधरी पिता दशरथ चौधरी पर 52064 रुपए विभाग की क्षति आकलित करते हुए जुमार्ना लगाई गई है। कनीय विद्युत अभियंता दावथ अर्जुन कुमार व सूर्यपुरा आनंद कुमार ने बताया कि बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। परन्तु बहुत ऐसे उपभोक्ता हैं जो चोरी छिपे बिजली चोरी कर रहे है । बिजली चोरी करने के कारण सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है। इस संदर्भ में सहायक विद्युत अभियंता,बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि जो उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं । वह दुरुस्त कर लें एवं जो व्यक्ति घरेलु, व्यवसायिक,ई-रिक्शा चार्ज,कृषि या औद्योगिक कार्य आदि हेतु बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं । वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

### काराकाट में सूखे पड़े जर्जर पेड़ से लोगों में हादसे की बनी संभावना



**काराकाट ।** रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर सूखे और जर्जर पेड़ बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। आधा दर्जन से अधिक पेड़ पूरी तरह सूख चुके हैं। गर्मी में लू चलते ही इनकी टहनियाँ टूटकर गिर रही हैं। प्रतिदिन हजारों लोग कामकाज के लिए यहाँ आते हैं, लेकिन सूखे पेड़ कभी भी गिरकर जानलेवा साबित हो सकते हैं। स्थानीय लोग डर के साये में जी रहे हैं।मुख्यालय पर चार विशाल महुआ पेड़ सबसे जर्जर हैं। हवा का एक झोंका भी इन्हें ढहा सकता है। सामुदायिक भवन के अंदरूनी परिसर में एक सूखा पेड़ कार्यालय पर गिरने को तैयार है। मनरेगा भवन के पीछे कार्यक्रम पदाधिकारी के ऑफिस के पास श्रीफल का पेड़ भी खतरा बन गया है।स्थानीयवासी बताते हैं, लू में टहनियाँ गिरती रहती हैं। कार्यालय आने वालों पर गिर गईं तो बड़ा हादसा हो जाएगा। डर हमेशा लगा रहता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने कहा,यह वन विभाग का मामला है। सूखे पेड़ हटाने की सिफारिश की गई। एसडीएम बिक्रमगंज ने फॉरेस्ट रेंजर को पत्र लिखा है। अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार बोले हम हस्तक्षेप नहीं कर सकते। वन विभाग के अनुमंडल फॉरेस्टर राहुल कुमार ने बताया, हमें जानकारी नहीं। लिखित शिकायत मिलेगी तो जांच कर पेड़ हटा देंगे। लोगों में आक्रोश है। लापरवाही से जान जोखिम में। वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग।

# स्कूल निर्माण में अब नहीं होगा लाल ईंटें का उपयोग, पटना हाई कार्ट का आदेश जारी




**एजेंसी। पटना**

बिहार में अब सरकारी स्कूल और अन्य शैक्षणिक भवनों के निर्माण में लाल ईंटों का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। पटना हाई कोर्ट ने पर्यावरण संरक्षण और केंद्र सरकार के निदेर्शों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए यह अहम आदेश जारी किया है। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिहार के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में अब फ्लाई ऐश ईंटों का इस्तेमाल अनिवार्य होगा, जिससे निर्माण कार्य पर्यावरण और जलवायु सुरक्षा मानकों के अनुरूप हो। कोर्ट ने पश्चिम चंपारण जिले के जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि जोगपट्टी रोड स्थित चिमानिया बाजार में निमार्णाधीन 560 बेड वाले आवासीय विद्यालय के प्रोजेक्ट में लाल ईंटों का इस्तेमाल तुरंत बंद कराया जाए। यह आदेश पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के 31 दिसंबर 2021 के निदेर्शों के अनुरूप है। इन निदेर्शों के अनुसार, थर्मल पावर प्लांट के 300 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी सरकारी निर्माण कार्यों में 100 फीसदी फ्लाई ऐश ईंटों का इस्तेमाल अनिवार्य है। जस्टिस संदीप कुमार की सिंगल बेंच ने एक ब्रिक्स कंपनी की रिट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने बिहार एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉपोर्रेशन लिमिटेड से भी जवाब मांगा कि पश्चिम चंपारण में रेजिडेंशियल स्कूल की बिल्डिंग में फ्लाई ऐश ईंटों के बजाय लाल ईंटें क्यों इस्तेमाल की गईं। कॉपोर्रेशन की ओर से पेश वकील गिरिजेश कुमार ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि वे अपने क्लाइंट को सलाह देंगे और आगे निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश ईंटों के पूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। फ्लाई ऐश ईंटें पर्यावरण के लिहाज से लाल ईंटों की तुलना में अधिक सुरक्षित मानी जाती हैं। यह बिजली घरों से निकलने वाली राख से बनाई जाती हैं, जिससे निर्माण सामग्री का पुनः उपयोग होता है और पर्यावरण पर लाल ईंटों के जलाने से होने वाला नकारात्मक प्रभाव भी कम होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि फ्लाई ऐश ईंटें भवन निर्माण में मजबूती, दीघार्यु और तापमान नियंत्रण के लिहाज से भी फायदेमंद हैं। पटना हाई कोर्ट का यह आदेश राज्य सरकार को यह स्पष्ट संदेश देता है कि सभी निर्माण परियोजनाओं में पर्यावरणीय नियमों का पालन अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिहार में शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के मामले में यह कदम महत्वपूर्ण है। अब सभी सरकारी स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल निर्माण में पारंपरिक लाल ईंटों का उपयोग पूरी तरह बंद हो जाएगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में राज्य में एक मजबूत संदेश है।

# पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

**केटी न्यूज/रोहतास**

काराकाट विधानसभा के विक्रमगंज और प्रखंड के अंतर्गत गोटपा ग्राम में जनसंघ के नेता पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इसका संचालन भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्य राजेश्वर सिंह ने की। जबकि जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान एकात्म मानव दर्शन संगठनात्मक प्रणालियों संगठनात्मक मूल्यों तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा अंत्योदय की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की। वही राजेश्वर सिंह इन्हें एक महान चिंतक दार्शनिक पत्रकार जनसंघ के नेतृत्वकर्ता बताया। दल से जुड़े इंद्रदीप सिंह उर्फ दीपा सिंह के प्रति श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया गया।



इनका सारा वंश वृक्ष दल के प्रति समर्पित रहता है। अवसर पर अजीत सिंह संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष,सुनील सिंह, पंचायत अध्यक्ष रविंद्र सिंह,भाजपा नेता संजय सिंह, घनश्याम सिंह,लक्ष्मण चौधरी, विजय सिंह सहित लोग उपस्थित थे।

# उपेंद्र कुशवाहा की पछ्टट ने बनाई नई टीम, 40 जिला संयोजक और 11 प्रकोष्ठ अध्यक्षों के नाम जारी



**एजेंसी। पटना**

बिहार में संगठन को और मजबूत बनाने के लिए उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने 40 संगठन जिला संयोजकों और सह सयोजकों के नामों की घोषणा की है। साथ ही 11 प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों के नाम भी ऐलान किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 11 फरवरी 2026, राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष व विधायक श्री आलोक कुमार सिंह ने अपने दोनों प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत पंकज एवं सुभाष चंद्रवंशी तथा प्रदेश प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल के साथ 40 जिला संगठन के जिला संयोजक एवं प्रमुख साथियों को सह संयोजक के साथ 11 प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष की आज पार्टी कार्यालय में नामो की घोषणा कर दी है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 11 प्रकोष्ठ अध्यक्षों में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक राम, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन यादव, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर स्मृति कुमुद, छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विवेक कुशवाहा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दीपक कुशवाहा, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गोंड, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उमा शंकर जायसवाल, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार सिंह, एवं विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रत्नाकर पांडेय जी मनोनीत किए गए है। वही जिला संयोजकों में बगहा के जिला संयोजक राजेश राम, प० चंपारण के जिला संयोजक शैलेश कुशवाहा, पूर्वी चंपारण के जिला संयोजक इंजीनियर रमेश पासवान, सीतामढ़ी के संयोजक चंद्रिका पासवान, शिवहर के संयोजक कल्याण पटेल, मुजफ्फरपुर के संयोजक रामेश्वर सिंह कुशवाहा, वैशाली के संयोजक लालदेव राम, गोपालगंज के संयोजक सुमेर कुशवाहा समेत 40 संगठन जिला में संयोजक एवं सह संयोजक का मनोनयन किया गया है।

# बिहार : नीतीश कुमार पर विपक्ष की अभद्र टिप्पणी से भड़के विजय सिन्हा, बोले- लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजनीति में एक बार फिर बयानबाजी को लेकर माहौल गरमा गया है. विपक्ष द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर की गई अभद्र टिप्पणी पर राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के प्रति इस तरह की भाषा का प्रयोग न सिर्फ गलत, बल्कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण भी है. सदन में जाने से पहले विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राजनीतिक असहमति अपनी जगह है, लेकिन मयार्दा और भाषा की सीमा लांघना लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ है. उन्होंने विपक्ष की इस मानसिकता को पूरी तरह अनुचित बताया और संयम व जिम्मेदारी की अपील की. पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को लेकर सदन में नीतीश कुमार के बयान पर उन्होंने कहा कि जिस भाव से मुख्यमंत्री ने कहा उन दोनों का देवर-



भौजाई का रिश्ता है. उन्होंने कहा कि राजनीति नहीं अपनत्व का प्रकट मुख्यमंत्री ने किया जिसे गलत सेंस में लेना कतई उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि सदन की मयार्दा सबको रखने की जिम्मेवारी है और मुख्यमंत्री का वैसा कोई भाव नहीं था. वहीं विपक्ष के 119 सांसदों के द्वारा लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विपक्ष को संविधान में विश्वास नहीं है. ये लोग संवैधानिक पद का सम्मान नहीं करते हैं. उन्होंने कहा कि ओम बिरला ने विधायकी कार्य को बेहतर करने एवं सुंदर वातावरण बनाने का काम किया है. विपक्ष की अराजकता को रोकने के लिए जब वो सतर्क और सावधान करते हैं. अविश्वास प्रस्ताव से संवैधानिक संस्था को डिमोरलाईज करने का प्रयास विपक्ष करती है. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस के लोगों का चरित्र ही वैसा है. संवैधानिक संस्था का अपमान करना, भय का वातावरण बनाना और वैसे लोग जो बेहतर काम करते हैं उनको डिमोरलाईज करने का काम ये लोग करते हैं. उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्था, सीबीआई, चुनाव आयोग पर ये सवाल उठाते रहे हैं. लेकिन अब ये देश के सबसे बड़े मंदिर के सबसे बड़े पुजारी पर सवाल खड़े कर सदन की गरिमा को गिराने का काम कर रही है।

## एक ही प्रकृति की शिकायत पर अलग-अलग फैसला नहीं : विजय

उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा है कि एक ही प्रकृति की शिकायतों पर अलग-अलग निर्णय अब नहीं लिए जाएंगे। भूमि संबंधी समस्याओं को सुनने के क्रम में अनेक प्रकार के विवाद सामने आते हैं, जिनके समाधान के लिए इस कार्यक्रम में अमीन, राजस्व कर्मचारी, अंचलाधिकारी, डीसीएलआर, एडीएम, डीएम, कमिश्नर से लेकर विभाग के प्रधान सचिव और सचिव तक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाती है। जनसंवाद से एक दिन पूर्व ही विभाग के प्रधान सचिव अन्य अधिकारियों के साथ जिले में पहुंचकर वहां की भूमि समस्याओं का आकलन करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व महाअभियान के दौरान 46 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 40 लाख आवेदन केवल परिमार्जन/नाम संशोधन से संबंधित थे।जनकल्याण संवाद के माध्यम से इन परिमार्जन मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए समय-सीमा निर्धारित की जाती है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अंचलवार रजिस्ट्रेशन काउंटर खोले जाते हैं, जहां संबंधित अंचल के साथ-साथ अन्य अंचलों के पदाधिकारी भी शामिल रहते हैं। हम इस कार्यक्रम के माध्यम से जमीन की बीमारी की पहचान कर रहे हैं। जमीन की समस्या जटिल है, और जमीन जमीर को भी प्रभावित करती है। बिहार में जमीन विवाद के कारण बहुत लहू बहा है, इसे रोकना है और विकास की धारा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि परिमार्जन के लंबित मामलों के कारण बिहार के किसान कई सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। हमारा लक्ष्य परिमार्जन प्लस के 40 लाख आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करना है। जनसंवाद में प्राप्त शिकायतों में से 8363 मामलों में 2414 का समाधान अब तक किया जा चुका है। जनसंवाद की सराहना बुधवार को विधान परिषद में की गई।

## एक नजर

### मधुबनी में अवैध दवा कारोबार पर छापा, सूखे नशे के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**मधुबनी।** बिहार में 10 साल से पूर्ण शराबबंदी लागू है, शराब बंद रहने के चलते लोग सूखा नशा करने लगे हैं। इस तरह के नशे का प्रचलन काफी बढ़ गया है। शराबबंदी वाले राज्य में अब लोग खुलेआम गांजा, स्मैक, नशीली दवाइयां, कफ सिरप, सुलेशन, व्हाइटनर, इंजेक्शन आदि का इस्तेमाल नशा के लिए कर रहे हैं। वही इस तरह के नशे को रोकने के लिए सरकार लगातार कार्रवाई भी कर रही है। इसी क्रम में बिहार के मधुबनी जिले में अवैध दवा कारोबार के खिलाफ और सूखे नशे के कारण बढ़ रही आपराधिक वारदातों को लेकर कार्रवाई की गयी। जिला प्रशासन और ड्रग कंट्रोलर की टीम ने यह कार्रवाई की। जिससे अवैध दवा दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया। इस टीम में शामिल सदर एसडीएम चंदन झा ,सदर डीएसपी 1 अमित कुमार ,नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने ड्रग कंट्रोलर के साथ मधुबनी शहर के सिंघानियां चौक स्थित एक दवा दुकान में छापेमारी की। इस दौरान कई प्रकार के दवाओं के नमूने को जांच के लिए जब्त किया गया। बताया जाता है कि जिले के दवा दुकानों में अवैध तरीके से दवा का कारोबार एक रैकेट चल रहा है। जिसे लेकर आसानी से दुकानदारों द्वारा बेरोकटोक अवैध तरीके से प्रतिबंधित दवाओं को बेचा जा रहा है। इससे जिला का ड्रग कंट्रोलर कार्यालय भी सवालों के घेरे में है। स्थानी लोगों अब ड्रग कंट्रोलर कार्यालय की भूमिका की जांच करने की मांग कर रहे हैं। सदर एसडीएम चंदन झा ने बताया कि सभी अवैध दवा दुकानों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जो गड़बड़ी करेंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### पटना एसटीएफ ने बादल राय और तीन सहयोगियों को पिस्टल और कट्टा के साथ किया अरेस्ट

**पटना।** पटना पुलिस मुख्यालय के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने दिनांक 09.02.2028 को पटना जिले के आलमगंज थाना क्षेत्र में एक बड़े सफलता अभियान के तहत वांछित अपराधी बादल राय और उनके तीन अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, बादल राय पेशेवर अपराधी है और उसने दीदारगंज एवं पटना सिटी के भू-माफियाओं के साथ मिलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई थी। एसटीएफ को इस संबंध में ताजा सूचना मिली थी, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आलमगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में बादल राय के साथ गिरफ्तार अपराधकर्मियों में कुणाल पराज, जितेंद्र कुमार और आकाश कुमार शामिल हैं। सभी अपराधी अलग-अलग थाना क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान 02 देसी पिस्टल, 01 देसी कट्टा, 02 मैगजीन, 09 जिंदा कारतूस, 06 मोबाइल और 01 पल्सर बाइक बरामद किए। गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ आलमगंज थाना कांड संख्या 136/28 दिनांक 10.02.2028 में धारा 111/61(2) बीएनएस और 25(1-बी)/28/38 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार, बादल राय ने हाल ही में बालमगंज थाना क्षेत्र में अपने वर्चस्व को कायम रखने के लिए विरोधियों पर दो बार जानलेवा हमला किया था। इसके अलावा, बादल राय के खिलाफ पटना जिले के कई थानों में हत्या, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर अपराधों के कुल 07 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधियों में से प्रमुख राज के खिलाफ पटना जिले के खोजकला थाना में अपहरण का एक मामला दर्ज है। एसटीएफ ने बताया कि अन्य अपराधियों के आपराधिक इतिहास की जांच जारी है और उनकी भूमिका विभिन्न अपराधों में सामने आएगी।

# कटिहार सदर अस्पताल में दलाली पर बड़ी कार्रवाई, 2 आशा कर्मी गिरफ्तार, 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**एजेंसी। पटना**

कटिहार सदर अस्पताल में मरीजों से अवैध वसूली और दलाली के आरोप में 2 आशा कर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। 10 आशा कर्मियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीएम के निर्देश पर जांच जारी है। पटना के पीएमसीएच और एनएमसीएच में दलालों पर कार्रवाई के बाद अब कटिहार सदर अस्पताल में कार्रवाई की गयी है। कटिहार सदर अस्पताल से दो आशा कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को तुरंत जेल भेज दिया गया है। वही नगर थाने में 10 आशा कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। कटिहार के एसपी शिखर चौधरी ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मरीजों से अवैध वसूली करने और सरकारी योजनाओं से वंचित करने का कुछ आशा कर्मियों पर लगाया जा रहा था। इस तरह की शिकायतें आए दिन आ रही थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए डीएम ने यह कार्रवाई की।बता दें कि 3 दिन पहले कटिहार सदर अस्पताल का डीएम आशुतोष द्विवेदी ने औचक



निरीक्षण किया था। इस दौरान अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को देखकर उन्होंने अपनी नाराजगी जतायी थी और व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया था। निरीक्षण के दौरान जब मरीज के परिजनों ने अस्पताल परिसर में चल रही दलाली और अवैध वसूली की शिकायत की तब डीएम ने मामले की जांच के निर्देश दिये। डीएम के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और 10 आशा कर्मियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी। वही दो आशा कर्मियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। वही आगे की कार्रवाई जारी है। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से कटिहार सदर अस्पताल के कर्मचारियों और पदाधिकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

# पप्पू यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई टली, सांसद बेऊर जेल में बिताएंगे एक और रात

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को 31 साल पुराने मामले में पटना की एमपी एमएलए विशेष अदालत से जमानत मिल गई है, लेकिन उन्हें एक दूसरे ताजा मामले में रिमांड पर रखा गया है। पुलिस ने उन्हें बीते शुक्रवार आधी रात को पटना के मंदिरी आवास से गिरफ्तार किया था, जहां उनके समर्थकों और पुलिस के बीच काफी गहमागहमी और हंगामा हुआ। इसके बाद बुद्धा कॉलोनी थाने में उनके खिलाफ अलग एफआईआर दर्ज की गई।बताया जा रहा था कि बुद्धा कॉलोनी मामले की सुनवाई बुधवार को कोर्ट में होनी थी, लेकिन अचानक कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के कारण सुनवाई टल गई। अब सांसद को कम से कम एक और रात बेऊर जेल में बितानी पड़ेगी। इस दौरान पप्पू यादव ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं है और उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। इससे पहले, गर्दनीबाग थाने में दर्ज 31 साल पुराने मामले में वारंट मिलने के बाद शुक्रवार आधी रात को पुलिस उनके आवास पर पहुंची। सांसद और उनके समर्थकों ने विरोध किया, करीब ढाई घंटे तक हंगामा चलता रहा। बाद में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर आईजीआईएमएस अस्पताल ले आई, जहां रात भर रखा गया। शनिवार सुबह पीएमसीएच में मेडिकल जांच के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने दो दिन की न्यायिक हिरासत और इलाज कराने का निर्देश दिया। इस कारण उन्हें पीएमसीएच के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया। रविवार को स्वास्थ्य स्थिति ठीक होने पर उन्हें बेऊर जेल शिफ्ट कर दिया गया। सोमवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी, लेकिन पटना सिविल कोर्ट में बम की धमकी मिलने के कारण सुनवाई स्थगित कर दी गई। मंगलवार को सांसद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें गर्दनीबाग थाना वाले पुराने मामले में जमानत मिल गई, लेकिन बुद्धा कॉलोनी थाने में दर्ज ताजा मामले में रिमांड पर रखा गया है। इस पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट है कि पप्पू यादव और उनकी सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है, और जल्द ही दोनों मामलों में सुनवाई फिर से शुरू होने की संभावना है। उनके समर्थक अब भी घटनास्थल पर मौजूद हैं और सांसद की सुरक्षा और कानूनी प्रक्रिया पर नजर रखे हुए हैं।

# दरभंगा एयरपोर्ट को इंटरनेशनल हवाई अड्डा घोषित करने की राज्यसभा में उठी मांग, जेडीयू सांसद ने सदन में उठाया मामला

**एजेंसी। पटना**

संसद के बजट सत्र के दौरान बिहार के दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने की मांग की गई। जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय झा ने राज्यसभा में कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट बिहार में उड़ान योजना का सबसे सफलतम हवाई अड्डा है। पिछले पांच सालों में यहां से 30 लाख यात्री सफर कर चुके हैं। संजय झा ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि सभी मंत्रालयों के साथ समन्वय स्थापित कर इसे जल्द से जल्द अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिया जाए। उन्होंने सदन में बताया कि बिहार सरकार ने 18 सितंबर 2024 और 26 दिसंबर 2025 को केंद्र के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था। इसमें दरभंगा एयरपोर्ट पर वाइड बॉडी विमानों के संचालन हेतु रनवे विस्तार और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट शुरू करने की मांग की गई थी।वर्तमान में दरभंगा एयरपोर्ट भारतीय सेना के नियंत्रण में है, इसलिए विस्तार के लिए केंद्र सरकार के समन्वय की जरूरत है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने 18




अक्टूबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप रनवे को 12000 फीट तक विस्तार करने के लिए 90 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता बताई थी। इसके लिए बिहार सरकार ने 13 नवंबर 2024 को रक्षा मंत्रालय से अनापत्ति पत्र का अनुरोध किया, और रक्षा मंत्रालय ने 9 दिसंबर को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी। इसके बाद बिहार कैबिनेट ने 10 जनवरी 2025 को अतिरिक्त जमीन अधिग्रहित करने के लिए 245 करोड़ रुपये आवंटित किए। दरभंगा जिला प्रशासन को यह राशि दे दी गई है और भूमि अधिग्रहण का काम अंतिम चरण में है। संजय झा ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट मिथिला, उत्तर बिहार और नेपाल के लोगों के लिए अहम है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा। इससे क्षेत्रीय उत्पाद, जैसे मखाना, कार्गो सेवा के जरिए देश और दुनिया भर में भेजे जा सकेंगे और मिथिला एवं नेपाल को अंतरराष्ट्रीय संपर्क मिलेगा। बिहार सरकार ने हालिया बजट में दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए रनवे विस्तार और सिविल एन्क्लेव निर्माण हेतु राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही, लॉजिस्टिक पार्क और कार्गो हब बनाने की भी घोषणा की गई है, जिससे मिथिला एवं उत्तर बिहार के कृषि आधारित उत्पादों का हवाई परिवहन बढ़ेगा और क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा।

# बिहार मौसम अपडेट : ठंड की विदाई, दिन में धूप और रात में फिर ठंड का असर

**एजेंसी। पटना**

बिहार में मौसम लगातार बदल रहा है। सुबह ठंड, दोपहर में तेज धूप और शाम से रात तक फिर ठंड का असर देखने को मिल रहा है। इससे साफ है कि ठंड अब धीरे-धीरे विदा ले रही है। बिहार के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। सुबह के समय हल्की ठंड और कहीं-कहीं कोहरे की स्थिति बनी रहती है, जबकि दोपहर में तेज धूप निकलने से गर्मी का एहसास होने लगता है। शाम ढलते ही फिर से ठंड बढ़ जाती है और रात में ठिठुरन महसूस होती है। यह बदलता मिजाज इस बात का संकेत है कि अब धीरे-धीरे ठंड की विदाई हो रही है और मौसम बसंत की ओर बढ़ रहा है।राज्य में बीते कुछ दिनों से



तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। 9 फरवरी को भी मौसम कुछ ऐसा ही रहा था, जब सुबह लोगों को ठंड का सामना करना पड़ा, लेकिन दिन चढ़ते ही तेज धूप के कारण गर्म कपड़ों की जरूरत कम महसूस हुई। शाम के बाद फिर से ठंडी हवाओं ने लोगों को जैकेट और स्वेटर पहनने पर मजबूर कर दिया। यही स्थिति आज यानी 11 फरवरी को भी देखने को मिल सकती है।मौसम विभाग के अनुसार आज बिहार के अधिकतर जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। आसमान साफ रहने की संभावना है, जिससे दिन के समय तेज धूप खिलेगी। इससे अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर जा सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट या स्थिरता बनी रह सकती है। सुबह के समय तापमान करीब 11 से 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है, वहीं दोपहर में पारा 25 से 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में भी मौसम का रुख लगभग एक जैसा रहने की उम्मीद है। कुछ इलाकों में सुबह हल्का कुहासा देखने को मिल सकता है, खासकर नदी घाटियों और खुले मैदानों में। हालांकि जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, कोहरा छंट जाएगा और तेज धूप के साथ मौसम साफ हो जाएगा। हवा की रफ्तार सामान्य रहेगी, जिससे ठंड और गर्मी के बीच संतुलन बना रहेगा। किसानों के लिए यह मौसम फिलहाल अनुकूल माना जा रहा है। तेज बारिश या पाला पड़ने की कोई चेतावनी नहीं है, जिससे फसलों को नुकसान की आशंका कम है। धूप निकलने से गेहूं, सरसों और सब्जी की फसलों को फायदा मिल सकता है। वहीं आम लोगों के लिए भी यह मौसम आरामदायक है, हालांकि सुबह और रात के समय हल्के गर्म कपड़े पहनना अभी जरूरी रहेगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों में दिन के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है, जबकि रात की ठंड कम होने लगेगी। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि शीत ऋतु अपने अंतिम चरण में है और अब मौसम गर्मी की ओर बढ़ रहा है। हालांकि बीच-बीच में ठंडी हवाएं और हल्की ठंडक लोगों को महसूस होती रहेगी। कुल मिलाकर, आज बिहार में मौसम मिला-जुला रहने वाला है। सुबह ठंड, दोपहर में धूप और शाम से रात तक फिर ठंड का असर बना रहेगा। ऐसे में लोगों को दिन के अनुसार कपड़ों का चयन करने की सलाह दी जा रही है। बदलते मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखना जरूरी है, ताकि सर्दी-खांसी और वायरल जैसी समस्याओं से बचा जा सके।

# बिहार में निगरानी के हत्थे चढ़ा पंचायती राज विभाग का घूसखोर जेई, 12 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ धराया

**एजेंसी। पटना**

बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी के लगातार एक्शन के बावजूद सरकारी अधिकारी और कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला मधुबनी से सामने आया है, जहां निगरानी विभाग की टीम ने पंचायती राज विभाग के जेई को घूस लेने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दरअसल, निगरानी विभाग को सूचना मिली थी कि मधुबनी के कलुआही प्रखंड में तैनात पंचायती राज विभाग के जूनियर इंजीनियर हरिशंकर प्रसाद भ्रष्टाचार में लिप्त है। निगरानी में जेई के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद पहले उसकी जांच की गई। शुरूआती जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद निगरानी की टीम पटना से मधुबनी पहुंची। निगरानी विभाग के डीएसपी मो. वसीम के नेतृत्व में टीम ने घूसखोर जेई को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी जेई पीड़ित से 12 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर ले रहा था, निगरानी की टीम ने धावा बोल दिया और जेई को घूस के पैसों के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी की कार्रवाई से जिले भर के भ्रष्ट अधिकारी और कर्मियों में हरकंप मच गया है। आरोपी जेई से पूछताछ के बाद निगरानी की टीम उसे अपने साथ लेकर पटना चली गई, जहां उसे निगरानी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। टीम का नेतृत्व डीएसपी एमडी वसीम फिरोज कर रहे थे। टीम में निगरानी इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक देवेंद्र कुमार, सिपाही पंकज कुमार, सिपाही धर्मवीर पासवान और कंप्यूटर आपरेटर चंदन कुमार शामिल थे।